ग्रामीण कार्य विभाग

बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण, पटना

पत्रांक–मु0अ0–4–प्रधानमंत्री बैठक/57/2005/Part-II-1582 अनु0 पटना, दिनांक-07/08/2020

प्रेषक,

अमरेन्द्र कुमार सिन्हा,
प्रशासनिक पदाधिकारी,
ब्राडा, पटना।

सेवा में,

मु0अ0–1,2,3 एवं 4, ग्रामीण कार्य विभाग,
सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,
सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग,
सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग

**विषयः– बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण की वार्षिक आम सभा की बैठक के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण के वार्षिक आम सभा की बैठक **दिनांक 13.08.2020 (गुरूवार) को अपराह्न 2.00 बजे से 4.00 बजे तक** VC(Video Conferencing) के माध्यम से विभागीय सचिव–सह–उपाध्यक्ष, ब्राडा की अध्यक्षता में निर्धारित किया गया है।

अतः उक्त तिथि को सभी कार्य अंचल के अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अपने जिले के NIC कार्यालय में ससमय VC के माध्यम से ब्राडा के वार्षिक आम सभा की बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। बैठक की कार्यावली पत्र के साथ संलग्न है।

**अनु0ः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)

ज्ञापांक– मु0अ0–4–प्रधानमंत्री बैठक/57/2005/Part-II-1582 /पटना, दिनांक-07/08/2020

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)

ज्ञापांक–मु0अ0–4(मु0) विविध (कार्य) 57/2005/Part II/1582 /पटना, दिनांक-07/08/2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा, को सूचनार्थ समर्पित।

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)

ज्ञापांक–मु0अ0–4(मु0) विविध (कार्य) 57/2005/Part II/1582 /पटना, दिनांक-07/08/2020

प्रतिलिपिः– विभागीय सचिव–सह–उपाध्यक्ष, ब्राडा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)

ज्ञापांक– मु0अ0–4–प्रधानमंत्री बैठक/57/2005/Part-II-1582 /पटना, दिनांक-07/08/2020

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)

# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग
# बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण

## ब्राडा के प्रस्तावित आम सभा की बैठक की कार्यावली

1. दिनांक–28.05.2019 को सम्पन्न ब्राडा के असाधारण आम सभा के बैठक की कार्यावली पर सम्पुष्टि प्राप्त करना।

2. वित्तीय वर्ष 2018–19 के वार्षिक वित्तीय विवरणी, अंकेक्षण प्रतिवेदन एवम् वाह्य संपोषित योजनाओं के अंकेक्षित **Annual Project Financial Statement** पर आम सभा से अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव।

दिनांक–16.10.2019 को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति के बैठक में लिए गये निम्नलिखित निर्णय पर अनुमोदन प्राप्त करनाः–

3. ब्राडा के माध्यम से कार्यान्वित कराई जा रही विभाग के सभी योजनाओं के वित्तीय वर्ष 2019–20 के वैद्यानिक अंकेक्षण कार्य के निष्पादन हेतु पूर्व नियुक्त चार्टड एकाउन्टेंट फर्म M/s KRA & Co. के अवधि विस्तार के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व निर्धारित दर एवं सेवा शर्त पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है। कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

4. विश्व बैंक सम्पोषित तथा NDB संपोषित मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के Project Financial Statement के अंकेक्षण हेतु विश्व बैंक की सहमति से पूर्व नियुक्त अंकेक्षक फर्म M/s Jaiswal Brajesh & Co. चार्टड एकांउटेंट फर्म को वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए पूर्व निर्धारित दर एवं सेवा शर्त पर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अवधि विस्तार दिया गया है। कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

5. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रोग्राम फंड तथा प्रशासनिक व्यय फंड के वित्तीय वर्ष 2018–19 के वार्षिक वित्तीय विवरणी तथा अंकेक्षण प्रतिवेदन को कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया है। कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

6. दिनांक–28.05.2019 को सम्पन्न असाधारण आम सभा की बैंठक से दिनांक–16.10.2019 को आहूत कार्यकारिणी समिति की बैठक की तिथि तक कार्यहित में BRRDA Other Liability and Deposit A/c एवं अन्य मदो से निम्नलिखित निधि अन्तरण किये गये है, जिसपर कार्यकारिणी सहमति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

| Sl. NO | Head | Fund Transfer From | Amount | Head | Fund Received in | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MMGSY NDB Brics | Axis Bank Gandhi Maidan 918010022343911 | 120,00,00,000 | Brrda Other Liability & Deposite A/c | ICICI Bank Boring Road 040401010543 | Refunded Dt.19.07.19 |
| 2 | BRRDA Other Liability & Deposite A/c | ICICI Bank Boring Road 040401010543 | 240,00,00,000 | GTSNY Prog. Fund | ICICI Bank Boring Road 040401010714 | Fund Transfer Dt.19.07.19 |
| 3 | NABARD | SBI Baily Road 36840495692 | 50,00,00,000 | MMGSY NDB Brics | Axis Bank Gandhi Maidan | Fund Transfer |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 918010022343911 | Dt.26.09.19 |
| 4 | GTSNY Prog. Fund | PL Account | 240,00,00,000 | Own Office Account-33577014274 | ICICI Bank Boring Road 040401010543 | Refunded. Dt.04.10.19 |
| 5 | Bihar Rural Roads Maintenace Policy -2018 | ICICI Bank Boring Road 040401013024 | 30,08,21,918 | GTSNY Prog. Fund NABARD-(DSRA) | ICICI Bank Boring Road 040401010544 | Fund Transfer Dt.23.09.19 |

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रदत्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

7. अभियंत्रण संबंधित विवादों के निपटारे अथवा विभाग का पक्ष न्यायालय के समक्ष सशक्तता से रखने के उद्देश्य से एक सेवानिवृत अभियंता, जिन्हें SBD, MBD, कार्य अनुबंध एवं एकरारनामा संबंधित विवाद एवं मुकद्मों के निष्पादन की जानकारी हो, का पद सृजित करने तथा इस पद पर बिहार सरकार के अभियंत्रण सेवा (असैनिक) के कार्यपालक अभियंता पद एवं उससे अन्यून स्तर के सेवानिवृत पदाधिकारी को नियोजित करने के उद्देश्य से कार्यकारिणी समिति द्वारा विमर्शोपरांत सर्वसम्मति से सेवानिवृत अभियंता का अस्थायी एवं औपबंधिक पद के सृजन का निर्णय लिया गया। औपबंधिक रूप से सृजित होने वाले इस पद पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र सं0–10000 दिनांक–10.07.2015 के आलोक में पारिश्रमिक एवं अन्य सेवा शर्तों का निर्धारण करते हुए सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता एवं उससे अन्यून स्तर की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

8. कार्यकारिणी समिति द्वारा भूमि विवाद के निपटारे एवं भू अर्जन, सतत् लीज एवं भूमि अधिग्रहण संबधित कार्यों के निष्पादन हेतु राजस्व पदाधिकारी का अस्थायी एवं औपबंधिक पद सृजित करने तथा संबंधित विषय का अनुभव रखने वाले सेवानिवृत पदाधिकारी को इस पद पर नियोजित करने के विषय पर आवश्यकताओं के मद्दे नजर विमर्शोपरांत सर्वसम्मति से सेवानिवृत बिहार प्रशासनिक सेवा के निवृत अधिकारी का अस्थायी एवं औपबंधिक पद सृजित करने का निर्णय लिया गया तथा औपबंधिक रूप से सृजित पद पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र सं0–10000 दिनांक–10.07. 2015 के आलोक में पारिश्रमिक एवं अन्य सेवा शर्तों को निर्धारित करते हुए नियोजन करने का निर्णय लिया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए निर्णय पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

9. ब्राडा कार्यालय हेतु भूमि विकास बैंक भवन के पाँचवे तल पर लगभग 5 हजार वर्ग फीट स्थान गृह नियंत्रक सह–अनुमंडल पदाधिकारी पटना का अंतिम निर्णय आने तक औपबंधिक मासिक किराया ₹ 50 प्रति वर्ग फीट पर किराये पर लेने के प्रस्ताव पर कार्यकारणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है। विदित है कि गृह नियंत्रक सह–अनुमंडल पदाधिकारी पटना द्वारा भूमि विकास बैंक के पाँचवे तल का किराया ₹ 80 प्रति वर्ग फीट निर्धारित किया गया है। परन्तु भूमि विकास बैंक तथा ब्राडा के पदाधिकारी के बीच सम्पन्न दर वार्ता में निर्णय लिया गया कि महादलित विकास मिशन द्वारा दिये जा रहे किराया दर ₹ 50 प्रति वर्ग फीट को मासिक किराया के रूप में स्वीकृत किया जा सकता है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

10. वर्तमान में भूमि विकास बैंक के तृतीय तल पर स्थित ब्राडा कार्यालय को आवश्यकताओं के अनुरूप Renovate करने के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए निर्णय पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

11. वित्तीय वर्ष 2019–20 में दिनांक–28.05.2019 को सम्पन्न असाधारण आम सभा की बैंठक से दिनांक–16.10.2019 को आहूत कार्यकारिणी समिति की बैठक की तिथि तक ब्राडा कार्यालय द्वारा किए गए विविध क्रय जिसकी सूची निम्नवत है, जिसपर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है :–

| क्रम सं0 | वस्तुओं का नाम | संख्या | राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | All in One Computer | 5 अदद | 2,79,995/- | 4 अदद QMC कोषांग तथा 1 अदद PMGSY कोषांग हेतु। |
| 2 | Executive Hand bag with Pen & Pad | 355 & 385 | 3,41,450/- | बिहार विधान मंडल में माननीय मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग बजट भाषण के अवसर पर |
| 3 | Hitachi Split AC 2 Ton & Voltas Stabilizer | 7 अदद | 4,00,400/- | ब्राडा कार्यालय हेतु |
| 4 | Pedestal Fan | 10 अदद | 36,500/- | 5 अदद ब्राडा कार्यालय में उपयोग किया जा रहा है तथा 5 अदद स्टाक में है। |
| 5 | Luminious 6 KVA UPS | 1 अदद | 1,06,879/- | ग्रामीण कार्य विभाग के डाटा सेन्टर हेतु |
| 6 | Exide100 AH Battery | 16 अदद | 1,36,000/- | ग्रामीण कार्य विभाग के डाटा सेन्टर हेतु |
| 7 | Scanner | 1 अदद | 35,600/- | PMGSY कोषांग हेतु |
| 8 | Printer | 1 अदद | 19,500/- | PMGSY कोषांग हेतु |
| 9 | Wireless Printer | 1 अदद | 24,850/- | अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह–सचिव, कार्यालय हेतु |
| 10 | Nikon D5600 DSLR Camera | 1 अदद | 51,000/- | माननीय मंत्री के कोषांग हेतु |
| 11 | Room Heater | 5 अदद | प्रस्तावित क्रय नहीं किया गया है | ब्राडा तथा विभाग के अन्य कोषांग हेतु |

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त सहमति पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

12. वित्तीय वर्ष 2019–20 में दिनांक–16.10.2019 को आहूत कार्यकारिणी समिति की बैठक की तिथि तक आउटसोर्स के आधार पर निम्न तालिका अनुरूप विभिन्न कोटि के कर्मियों की सेवा आउटसोर्स सेवा प्रदाता के माध्यम से प्राप्त करने हेतु कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है:–

| क्रम सं0 | पद का नाम | कर्मियों की सं0 | अनुमोदन की तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाई कर्मी | 01 | 25.04.2019 | ब्राडा कार्यालय हेतु |
| 2 | परिचारी | 01 | 06.08.2019 | अवर सचिव ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यालय हेतु |
| 3 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | 06.09.2019 | अंचल कार्यालय दरभंगा के लिए |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | 16.07.2019 | नोडल पदाधिकारी अनुरंक्षण कोषांग एवं वित्त कोषांग ब्राडा के लिए |
| 5 | परिचारी | 04 | 16.07.2019 | राज्य योजना कोषांग में 01 तथा ब्राडा कार्यालय में 01 परिचारी की सेवा ली जा रही है। ब्राडा तथा विभाग के लिए 02 परिचारी आउटसोर्स के आधार पर लेने का निर्णय लिया गया है। |

कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त उक्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

**दिनांक–24.03.2020 को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति के बैठक में लिए गये निम्नलिखित निर्णय पर अनुमोदन प्राप्त करना:–**

13. ब्राडा कार्यालय द्वारा संचालित परियोजना यथा– MMGSY(WB), तथा MMGSY BRICS के लेखांकन तथा रिपोंटिग कार्यो के लिए एक Project Accountant जिसकी न्युनतम योग्यता CA हो, को अनुबंध के आधार पर नियोजित करने के प्रस्ताव पर कार्याकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

14. ब्राडा कार्यालय में 100 KVA क्षमता के Silent Generator की सेवा भाड़े पर उपलब्ध कराने वाले सेवा प्रदाता राजू जेनरेटर के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए पूर्व निर्धारित दर एवम् सेवा शर्त पर विस्तारित करने के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

15. विभागीय अभिलेखों को संरक्षित करने के उद्देश्य से Digitization कार्य कराने एवम् इस कार्य हेतु निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सेवा प्रदाता तथा सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया पर सर्व सम्मति से कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

16. विभाग के सभी प्रशाखाओं, सभी 20 कार्यअंचलों, सभी 108 कार्यप्रमण्डलों तथा ब्राडा कार्यालय के वित्त एवं लेखा शाखा के लिए PMGSY योजना के प्रशासनिक व्यय मद से ₹1,05,56,988 का व्यय करते हुए GeM Portal के माध्यम से क्रय किए गये 148 लैपटॉप तथा ₹10,56 का व्यय करते हुए विभाग के डाटा सेंटर के लिए दो Server के क्रय हेतु कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

17 आउटर्सोस सेवा प्रदाता श्री सर्विसेज के माध्यम से कार्यरत कर्मियों का कार्यकाल अक्टुबर–2020 में समाप्त हो रहा हैं। श्री सर्विसेज के माध्यम से कार्यरत कर्मियों का कार्यकाल अक्टुबर–2020 से

अगले एक साल के लिए पूर्व निर्धारित दर एवं सेवा शर्त पर विस्तारित करने के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

18. वित्तीय वर्ष 2019–20 में प्रस्तावित कार्यकारिणी समिति की बैठक की तिथि तक कार्यहित में BRRDA Other Liability and Deposit A/c एवं अन्य मदो से किये गये निम्नलिखित निधि अन्तरण पर कार्यकारिणी समिति के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया है :–

**Fund Transfer Transaction**

| Sl.No | Head | Fund Transfer From | Amount | Head | Fund Received in | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Brrda Other Liabilities & Deposit Account | ICICI Bank Boring Road A/C-040401010543 | 2,00,00,00,000.00 | MMGSY NDB Bricks | Axis Bank Gandhi Maidan A/C-918010022343911 | Rs.30.00 Crors Transfer To Kodak Mahendra Bank |
| 2 | Brrda Other Liabilities & Deposit Account | ICICI Bank Boring Road A/C-040401010543 | 2,00,00,000.00 | Muwabza Fund A/c | SBI Bailey Road A/C-36822028732 | Fund Transfer dt.23.11.2019 |
| 3 | NABARD | SBI Bailey Road A/C-36840495692 | 40,00,00,000.00 | MMGSY NDB Bricks | Axis Bank Gandhi Maidan A/C-918010022343911 | Fund Transfer dt.20.03.2020 |
| 4 | MMGSY NDB Bricks | Axis Bank Gandhi Maidan A/C-918010022343911 | 30,00,00,000.00 | PMGSY Maintenece Fund | SBI Bailey Road A/C-11111139470 | Refunded dt.04.03.2020 |
| 5 | GTSNY Program Fund (NABARD - DSRA A/C) | ICICI Bank Boring Road A/C-040401010714 | 50,09,53,151.00 | Nabard Loan Repayment | Nabard A/c - NABARD000216356 | Fund Transfer dt.21.03.2020 |
| 6 | Land for Disaster & Cattle Center | ICICI Bank Boring Road A/C-040401010543 | 8,40,55,622.00 | Chief Minister Relief Fund | Government of Bihar | Fund Surrender dt.10.11.2019 |
| 7 | Bihar Rural Road Maintenance Policy-2018 Fund | Ledger ID-6079 of BRRDA PL Account | 5,60,23,09,000.00 | SSFUPSW, a Society of Social Welfare Department, | Short term loan in pursuance of letter no-675 date-24.03.2020 | Approvel of Department of finance accorded |

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

19. ब्राडा के माध्यम से कार्यरत अनुबंध कर्मियों, बेल्ट्रॉन कर्मियों तथा अन्य वाह्य सेवा कर्मियों के पारिश्रमिक के भुगतान के सम्बन्ध में अध्यक्ष के अनुमति से कार्यकारिणी समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा गया कि पारिश्रमिक विपत्रों के भुगतान के लिए अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा को Rules and Regulations को कंडिका 19 (O) के द्वारा निर्धारित वित्तीय शक्तियों ₹ 10,00,000/–(दस लाख) के भुगतान परिधि से अधिक भुगतान के लिए प्राधिकृत किया जाय तथा आम सभा के बैठक में इस प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय। इस प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

20. वित्त विभाग से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में समाज कल्याण के पत्रांक–सं0–1/सा0सु0 बजट विविध–07/2020 स0क0–675 दिनांक–24.03.2020 के आधार पर बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण के PL खाते से ₹ 560.2309 करोड़ की राशि समाज कल्याण विभाग के बैंक खातें में विभागीय सचिव–सह–उपाध्यक्ष, ब्राडा के अनुमोदनोपरान्त अंतरित किया गया था। यह राशि इसी शीर्ष के ICICI बैंक खाता–Secretary BRRDA-New Maintantenance Scheme-2018, खाता सं0–040401013024 के बैंक खाता में दिनांक–13.05.2020 को प्राप्त कर ली गई है। कृपया उक्त वित्तीय संव्यवहार पर ब्राडा आम सभा का अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

**दिनांक–09.06.2020 को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति के बैठक में लिए गये निम्नलिखित निर्णय पर अनुमोदन प्राप्त करना:–**

21. दिनांक–24.03.2020 को सम्पन्न ब्राडा के कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि अनुबंध के आधार पर कार्यरत श्री केदार नाथ सिंह, जन संपर्क पदाधिकारी का कार्यकाल विस्तारित करने के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र–10000 दिनांक–10.07.2015 के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति प्राप्त कर लिया जाय, तदोपरान्त सेवा विस्तारित किया जाय।

कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में अवधि विस्तार के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से सहमति मांगी गई थी। तदालोक में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कहा गया है कि अभिकरण सक्षम प्राधिकार की अनुमति से निहित प्रावधानों के अनुरूप सेवानिवृत्त कर्मियों के संविदा नियोजन के संदर्भ में अपने नीति/नियम निर्धारित करने एवं तदनुसार विचाराधीन अवधि विस्तार के संदर्भ में निर्णय लेने हेतु स्वयं सक्षम है। उक्त के आलोक में कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वप्रथम 1 वर्ष के लिए अनुबंध विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। संतोषजनक स्वास्थ्य संबंधित प्रतिवेदन असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी, पटना के प्राप्त होने पर अगले एक वर्ष के लिए अनुबंध विस्तारित किया जा सकता है। उक्त प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

22. वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए सूचीवद्ध आंतरिक अंकेक्षण फर्म को पूर्व निर्धारित दर एवं सेवा शर्त पर आंतरिक अंकेक्षण करने हेतु अवधि विस्तारित करने पर कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

23. वित्त विभाग से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में समाज कल्याण के पत्रांक–सं0–1/सा0सु0 बजट विविध–07/2020 स0क0–675 दिनांक–24.03.2020 के आधार पर बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण के PL खाते से ₹ 560.23090 करोड़ की राशि समाज कल्याण विभाग के बैंक खातें में विभागीय सचिव–सह–उपाध्यक्ष, ब्राडा के अनुमोदनोपरान्त अंतरित किया गया था। समाज कल्याण विभाग द्वारा उक्त राशि को इसी शीर्ष के ICICI बैंक, बोरिंग रोड़ शाखा, पटना के संधारित खाता में राशि वापस करा दिया गया, तदोपरान्त दिनांक–04.06.2020 को उक्त राशि को ब्राडा द्वारा PL खातें में जमा करा दी गई है। उक्त किये गये वित्तीय संव्यवहार पर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

24. दिनांक–27.09.2018 को सम्पन्न ब्राडा के कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि ब्राडा के अंकेक्षण प्रतिवेदनो की समीक्षा एवं प्रतिवेदनों का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु विश्व बैंक के Mission Team द्वारा दिए गए सुझाव के आलोक में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह–सचिव, ब्राडा की अध्यक्षता में Audit Committee का गठन का निर्णय लिया गया तथा समिति के सदस्य के रूप में अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधक कोषांग एवं अधीक्षण अभियंता कार्य अंचल, पटना को सदस्य के रूप में नामित किया गया।

Audit Committee के पुनर्गठन के संबंध में कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि सदस्य के रूप में अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधक कोषांग, नोडल पदाधिकारी, PMGSY तथा नोडल पदाधिकारी, MMGSY को नामित किया जाए। उक्त सदस्यों के पुनर्गठन के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

25. .MR कोषांग, NABARD कोषांग तथा मुख्य अभियंता–3 हेतु एक–एक कम्प्यूटर आपरेटर्स की सेवा ऑउटसोर्स के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु पत्र दिया गया है। जिसपर कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त कोषांग को एक–एक आपरेटर्स की सेवा आउटसोर्स पर उपलब्ध कराने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

26.बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण की कार्यकारिणी समिति द्वारा दिनांक–01.07.2020 को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में एक अनुभवी अधिवक्ता को पैनलीकृत करने पर विचार किया गया एवं विमर्शोपरान्त श्री रंजन कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता पता–बार कॉउन्सिल भवन, चैम्बर सं0–46, पटना उच्च न्यायालय को बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण के अधिवक्ताओं की सूची में पैनलीकृत करने का निर्णय लिया गया है तथा इनकी सेवा के लिए विधि विभाग द्वारा अनुमोदित दर पर सेवा शुल्क का भुगतान किया जाएगा। बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण के अधिवक्ताओं की सूची में पैनलीकृत करने के निर्णय पर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

27. **अनान्य बिन्दुः–** सचिव ग्रामीण कार्य विभाग–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ब्राडा के कार्यालय कक्ष में लकड़ी की संरचना का निर्माण एवं आवश्यक वस्तुएँ यथा–फ्रिज, टि0वी0, सोफा सेट इत्यादि वस्तुओं के क्रय करने के निर्णय पर अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

28. सचिव कोषांग के लिए 8 परिचारी की सेवा ऑउटसोर्स सेवा प्रदाता श्री सर्विसेज के माध्यम से प्राप्त करने के निर्णय पर अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।

29. सचिव ग्रामीण कार्य विभाग–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ब्राडा के आवासीय कार्यालय से VC संपादित करने हेतु Dedicated Lease Line Connection स्थापित करने तथा आवश्यकतानुरूप नेटर्वक का कार्य कराने हेतु सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव द्वारा दिये गये अधियाचना पर कार्यकारिणी समिति द्वारा विचार किया गया। समयक विमर्शोपरांत कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से Dedicated Lease Line Connection स्थापित करने तथा आवश्यकतानुरुप नेटर्वक का कार्य कराने पर सहमति प्रदान की गयी।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

उक्त प्रस्तावों पर दिनांक–16.10.2019, 24.03.2020, 09.06.2020, 01.07.2020, 10.07.2020 एवं 05.08.2020 को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में सहमति/अनुमोदन पर आम सभा का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव है।